Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَجَزٰٓؤُا سَيِّئَةٍ سَيِّئَةٌ مِّثۡلُهَا ۚ فَمَنۡ عَفَا وَاَصۡلَحَ فَاَجۡرُهٗ عَلَى اللّٰهِ ؕ اِنَّهٗ لَا يُحِبُّ الظّٰلِمِيۡنَ

(सूरः शूरा : 41)

अनुवाद : और बदी का बदला, की जाने वाली बदी के बराबर होता है। अतः जो कोई माफ़ करे इस शर्त के साथ कि वह इस्लाह करने वाला हो तो इस का अज्र अल्लाह पर है निसन्देह वह ज़ालिमों को पसंद नहीं करता।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष- 8
अंक-9

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

9 शाबान 1444 हिज्री कमरी, 3 अमान 1402 हिज्री शम्सी, 2 मार्च 2023 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़ज़ल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

क़ैद में रखे जानवर की मौत पर अज़ाब

(2365) हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : एक औरत को बिल्ली की वजह से अज़ाब हुआ जिसे उसने बंद कर रखा था। यहां तक कि वह भूख से मर गई तो वह उस बिल्ली की वजह से आग में दाख़िल हुई। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने यह भी फ़रमाया (उस से कहा गया) तू ने उसे क़ैद रखा और अल्लाह ही बेहतर जानता है न तू ने उसे खिलाया और न पिलाया और न ही उसको छोड़ा कि वह ज़मीन के कीड़े खाती।

तीन अश्ख़ास जिनकी तरफ़ अल्लाह तआला क़ियामत के दिन शफ़क़त की नज़र नहीं करेगा

(2369) हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया तीन लोग ऐसे हैं जिनसे अल्लाह तआला क़ियामत को न बात करेगा और न उनकी तरफ़ (शफ़क़त की) नज़र करेगा। एक वह शख़्स जिसने अपना तिजारती सामान बेचने के लिए क़सम खाई कि मुझे उसके लिए इस से बहुत ज़्यादा दिया जाता था जो अब दिया जाता है, जबकि वह झूठा है और एक वह शख़्स जिसने अस्र के बाद झूठी क़सम इस लिए खाई कि वह किसी मुस्लमान शख़्स का माल मार ले और एक वह शख़्स जिसने अपना बचा हुआ पानी रोक लिया। अल्लाह तआला फ़रमाएगा : आज मैं भी अपना फ़ज़्ल तुझ से रोकता हूँ, जैसा कि तू ने वह बची हुई चीज़ रोक ली थी, जो तेरे हाथों ने नहीं बनाई थी।

(सही बुख़ारी, भाग 4 किताब मसाका, प्रकाशन 2008 कादियान)

★ ★ ★

जो शख़्स चाहे कि हम उससे प्यार करें और हमारी दुआएं नयाज़ मंदी और सोज़ से उसके हक़ में आसमान पर जाएं वह हमें इस बात का यक़ीन दिलावे कि वह ख़ादिम-ए-दीन होने की सलाहीयत रखता है

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

एकांतवास

हज़रत अकदस एकांत को बहुत पसंद फ़रमाते थे। इस बारे में फ़रमाया

"अगर ख़ुदा तआला मुझे इख़्तेयार दे कि एकांत और जलवत में से तू किस को पसंद करता है। तो उस पाक ज़ात की क़सम है कि मैं एकांत को इख़्तेयार करूँ। मुझे तो खींचते खींचते मैदान-ए-आलम में इसी ने निकाला है, जो लज़्ज़त मुझे एकांत में आती है इस से बजुज़ ख़ुदा तआला के कौन वाक़िफ़ है। मैं क़रीब 25 वर्ष तक एकांत में बैठा रहा हूँ और कभी एक लहज़ा के लिए भी नहीं चाहा कि दरबार-ए-शौहरत में कुर्सी पर बैठूँ। मुझे स्वभाविकतः इस से कराहत है कि लोगों में मिलकर बैठूँ, परंतु आदेशित कार्यों से मजबूर हूँ। फ़रमाया: मैं जो बाहर बैठता हूँ या सैर करने जाता हूँ और लोगों से बातचीत करता हूँ ये सब कुछ अल्लाह तआला के अमर की तामील की बिना पर है।"

ख़ादिम-ए-दीन ही हमारी दुआओं का मुस्तहिक़ है

ताईद-ए-इलाही पर अगर कोई क़लम उठाए या कोशिश करे तो हुज़ूर बड़ी क़दर करते थे। इस बारह में फ़रमाया :

"अगर कोई ताईद-ए-दीन के लिए एक लफ़्ज़ निकाल कर हमें दे तो हमें मोतीयों और अशर्फ़ियों की झोली से भी ज़्यादा बेशक़ीमत मालूम होता है। जो शख़्स चाहे कि हम उस से प्यार करें और हमारी दुआएं नयाज़ मंदी और सोज़ से उसके हक़ में आसमान पर जाएं। वह हमें इस बात का यक़ीन दिलावे कि वह ख़ादिम दीन होने की सला-हीयत रखता है। बार हा कसम खा कर फ़रमाया है कि हम प्रत्येक वस्तु से महिज़ ख़ुदा तआला के लिए प्यार करते हैं। बीवी हो, बच्चे हो, दोस्त हों। सबसे हमारा ताल्लुक़ अल्लाह तआला के लिए है

अहद-ए-दोस्ती की रियायत

"मेरा यह मज़हब है कि जो शख़्स एक दफ़ा मुझसे अहद-ए-दोस्ती बाँधे। मुझे इस अहद की इतनी रियाइत होती है कि वह कैसा ही क्यों न हो और कुछ ही क्यों न हो जाये, मैं उस से संबंध विच्छेद नहीं कर सकता। हाँ अगर वह ख़ुद संबंध विच्छेद कर दे तो हम लाचार हैं, अन्यथा हमारा मज़हब तो यह है कि अगर हमारे दोस्तों में से किसी ने शराब पी हो और बाज़ार में गिरा हुआ हो और लोगों का हुजूम उस के गर्द हो तो बुला ख़ौफ़ لَوۡمَۃَ لَائِمٍ के उसे उठा कर ले आएँगे। फ़रमाया : अह्द-ए-दोस्ती बड़ा क़ीमती जोहर है इस को आसानी से ज़ाए कर देना ना चाहिए और दोस्तों से कैसी ही न-गवार बात पेश आवे उसे इग्माज़ और तहम्मुल के महल में उतारना चाहीए।"

(मल्फ़ूज़ात, भाग प्रथम, पृष्ठ 423 मुद्रित कादियान 2018)

★ ★ ★

इन्सान साधारणतः माता पिता की वैसी ख़िदमत नहीं कर सकता, जैसी की माँ बाप ने उसकी बचपन में की थी इस लिए फ़रमाया कि हमेशा दुआ करते रहना कि हे ख़ुदा तू उन पर रहम कर, ताकि जो कमी रह जाए दुआ से पूरी हो जाएगी।

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरत बनी इसराईल आयत नंबर : 25 से 26

وَاخۡفِضۡ لَہُمَا جَنَاحَ الذُّلِّ مِنَ الرَّحۡمَۃِ وَقُلۡ رَّبِّ ارۡحَمۡہُمَا کَمَا رَبَّیٰنِیۡ صَغِیۡرًا ○ رَبُّکُمۡ اَعۡلَمُ بِمَا فِیۡ نُفُوۡسِکُمۡ ؕ اِنۡ تَکُوۡنُوۡا صٰلِحِیۡنَ فَاِنَّہٗ کَانَ لِلۡاَوَّابِیۡنَ غَفُوۡرًا ○

(अनुवाद और (उन पर) रहम करते हुए उनके लिए ख़ाकसारी का बाज़ू झुका दे और (उन के लिए दुआ करते वक़्त) कहा कर (कि हे मेरे रब उन पर (इसी तरह) मेहरबानी कर क्योंकि उन्होंने (मेरी) बचपन की हालत में मेरी परवरिश की थी। तुम्हारा रब जो कुछ (भी) तुम्हारे दिलों में हो उसे (सबसे) बेहतर जानता है अगर तुम नेक होगे तो (याद रखो कि) वह बार-बार रुजू करने वालों को बहुत ही बख़्शने वाला है) की तफ़सीर में फ़रमाते हैं :

और उन के लिए रहमत के साथ अपने इन्किसार के बाज़ू नीचे गिरा दे। और यह दुआ करता रह कि हे मेरे रब तो उन पर रहम कर। क्योंकि उन्होंने बचपन में मेरी परवरिश की है।

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

ख़ुत्बः जुमअः

हे अल्लाह ! मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) जिस चीज़ की तरफ़ बुलाते हैं अगर वह हक़ है तो सातों बार इंही का तीर निकाल, मैंने सात बार क़ुरआ डाला और सातों बार आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का तीर निकला

इख़लास-ओ-वफ़ा के पैकर बदरी सहाबा हज़रत अबू लुबाबा बिन अब्दुल मंज़र रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत अबू ज़य्या बिन साबित बिन नुमान रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत अंसा मौला रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत अबू मरसद अबी मरसद, हज़रत अबू मरसद कन्नाज़ रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत सलीत बिन क़ैस बिन अम्र रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत मजज़र रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत रफ़ाफ़ा रज़ियल्लाहु अन्हो बिन मालिक बिन अजलान रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत अबू उसैद बिन मालिक राबिया रज़ियल्लाहु अन्हो हज़रत अब्दुल्लाह बिन अब्दुल असद रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत खल्लाद बिन राफे रज़ियल्लाहु अन्हो, हज़रत अब्बाद बिन बशीर रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत हातिब बिन अबी बलता की सीरत के कुछ पहलूओं का ईमान वर्धक वर्णन

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 27 जनवरी 2022 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُلِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

आज साहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो के वर्णन में से ही कुछ वर्णन करूँगा। पहला जो वर्णन है वह हज़रत अबू लुबाबा बिन अब्दुल मंज़र रज़ियल्लाहु अन्हो का है। उनके बारे में कुछ और रिवायात मिली हैं वह भी पेश कर देता हूँ। तफ़सील तो पहले भी आ चुकी है।

अल्लामा इब्ने अब्दुल बरआ अपनी लेखनी अल् इस्तेयाब में लिखते हैं कि हज़रत अब्दुल्लाह बिन अब्बास रज़ियल्लाहु अन्हो क़ुरआन-ए-मजीद की आयत وَ اٰخَرُوْنَ اعْتَرَفُوْا بِذُنُوْبِهِمْ خَلَطُوْا عَمَلًا صَالِحًا وَّ اٰخَرَ سَيِّئًا (सूरः : 102) कि "और कुछ दूसरे हैं जिन्हों ने अपने गुनाहों का एतराफ़ किया उन्होंने अच्छे आमाल और दूसरे बदआमाल मिला-जुला लिए" मैं फ़रमाते हैं कि यह आयत अबू लुबाब और उनके साथ सात आठ या नौ आदमियों के बारे में नाज़िल हुई। यह हज़रात ग़ज़वा तबूक से पीछे रह गए थे। बाद में शर्मसार हुए और ख़ुदा के हुज़ूर तौबा की और अपने आपको सतूनों के साथ बांध लिया। उनका अच्छा अमल तौबा और उनका बुरा अमल जिहाद से पीछे रहना था।

(अल् इस्तेयाब फ़ी मारेफ़तिल सहाबा, भाग 4 पृष्ठ 1741 अबू लुबाबा बिन अब्दुल मुनज़िर दारुल जलील बेरूत)

मजमे बिन जारिया से रिवायत है कि हज़रत ख़न बिंत ख़िदम हज़रत खनसा बिन्ते खिदाम रज़ियल्लाहु अन्हो की विवाह में थीं जब आप रज़ियल्लाहु अन्हो गज़वा अहद के दिन शहीद हुए। फिर हज़रत ख़नसा बिंत-ए-ख़िदा रज़ियल्लाहु अन्हो के वालिद ने आपकी शादी मज़ेमा क़बीला के एक आदमी से की जिसे आप नापसंद करती थीं। हज़रत ख़न्सा रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में हाज़िर हुईं तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनका निकाह खंडित कर दिया तो हज़रत ख़न्सा से हज़रत अबू लुबाबा ने शादी की जिससे हज़रत साइब बिन अबू लुबाबा हुए।

(معرفة الصحابة لابی نُعَیم ،جلد1، صفحہ250، أُنَیس بن قَتَادَةؓ، دار الوطن للنشر)

अब्दुल जब्बार बिन वर्द से रिवायत है कि मैं ने इब्ने अबी मुलेका से सुना, वह फ़रमाते थे कि अब्दुल्लाह बिन अबी यज़ीद का कहना है कि हज़रत अबू लुबाबा रज़ियल्लाहु अन्हो हमारे पास से गुज़रे हम उनके साथ थे यहां तक कि वह अपने घर में गए उनके साथ हम भी घर में दाख़िल हुए। हमने देखा कि एक शख़्स फटे पुराने कपड़े में बैठा है। मैं ने उन से सुना वह कहता था कि मैंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को यह फ़रमाते हुए सुना है कि जो शख़्स क़ुरआन को ख़ुश-आवाज़ से न पढ़े वह हम में से नहीं है।

(سنن ابی داؤد، کتاب الوتر ،باب اسْتِحْبَابِ التَّرْتِيلِ فِي الْقِرَاءَةِ، حدیث نمبر:1471)

फिर वर्णन है हज़रत अबू ज़याह बिन साबित नोमान रज़ियल्लाहु अन्हो की एक रिवायत में है कि हज़रत अबू ज़याह रज़ियल्लाहु अन्हो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ ग़ज़ व-ए-बदर के लिए निकले थे लेकिन पिंडली पर पत्थर की नोक लगने से ज़ख़म आया जिसकी वजह से वह वापस लौट गए और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बदर में उनका हिस्सा रखा।

(अल् बिदाय वन् नहाया, جزء5، صفحہ252، کتاب المغازی فصل غزوہ بدر العظمیٰ دار الھجر بیروت1997ء)

फिर हज़रत अंसा मौला रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का वर्णन है। हज़रत अंसा रज़ियल्लाहु अन्हो की कुनिय्यत अबू मसरुह और कुछ के नज़दीक अबू मिसरः वर्णन हुई है। (الاصابة فی تمییز الصحابة، جلد1، صفحہ283، اَنَسہ مولی النبیؐ، دار الکتب العلمیة بیروت لبنان، 1995ء) हज़रत अंसा रज़ियल्लाहु अन्हो सिरात मे पैदा हुए थे। सरात यमन और हब्शा के क़रीब एक जगह है। (ओसोदुल गाबा मारेफ़तिल सहाब, भाग 1 पृष्ठ 301 अंसा रज़ियल्लाहु अन्हा, दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत लुबनान)(रोशन सितारे, भाग 1 पृष्ठ 145)

उनकी हिज्रत के बारे में वर्णन हुआ है कि जब आप रज़ियल्लाहु अन्हो ने मदीना की तरफ़ हिज्रत की तो आप हज़रत कुलसूम बिन हिदम रज़ियल्लाहु अन्हो के पास ठहरे जबकि कुछ रवायात के मुताबिक़ आप हज़रत साद बिन ख़ैसम रज़ियल्लाहु अन्हो के पास ठहरे। (अल् तबकातुल कुबरा लेइब्ने साअद भाग 3 पृष्ठ 35 अंसा मौला रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत लुबनान, 1990 ई.)

इमाम ज़ुहेरी वर्णन करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ज़ुहर के बाद मुलाक़ात करने वालों को मिलने की इजाज़त दे दिया करते थे और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से उन लोगों के लिए हज़रत अंसा रज़ियल्लाहु अन्हा इजाज़त लिया करते थे। (अल् तबकातुल कुबरा ले-इब्ने साद , भाग 3 पृष्ठ 36 अंसा मौला रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत लुबनान,1990 ई. अंदर घर मुलाक़ातियों की सूचना देना आप रज़ियल्लाहु अन्हो का काम था।

फिर वर्णन है हज़रत मरसद बिन अबी मरसद। इमरान बिन मन्नाह कहते हैं कि जब अबू मरसद और उनके बेटे मरसद अबी मरसद ने मदीना की तरफ़ हिज्रत की इस वक़्त आप दोनों हज़रत कुलसूम बिन हिद के हाँ ठहरे। मुहम्मद बिन उमर कहते हैं कि आप रज़ियल्लाहु अन्हो ग़ज़वा-ए-अहद में भी शरीक हुए और सिरया रजी वाले दिन आप रज़ियल्लाहु अन्हो की शहादत हुई।

(अल् तबकातुल कुबरा ले-इब्ने साद , भाग 3 पृष्ठ 35 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत 2017 ई.)

हज़रत मरसद के एक बेटे उनेस बिन अबी मरसद अल् गनवी का वर्णन मिलता है। आपको अनस भी कहा जाता है मगर उनेस अक्सर मिलता है। आप रज़ियल्लाहु अन्हो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ फ़तह मक्का और ग़ज़वा हुनैन में थे।

(ओसोदुल गाबा, भाग 1पृष्ठ 306 उनैस बिन मुरसिद दारुल कुतुब

इल्मिया बेरूत 2008 ई.)

इब्ने हज्र ने हज़रत मरसद की शहादत सफ़र चार हिज्री वर्णन की है। (तेहज़ीब अल्तेहज़ीब, भाग 6 पृष्ठ 642 مَرْثَد بن ابی مَرْثَد،دار الحدیث قاهر-2010)

फिर वर्णन है अबू मरसद कन्नाज़ बिल हुसैन गनवी रज़ियल्लाहु अन्हु का।

उनका नाम कन्नाज़ था। वलदीयत हुसै बिन यरबू। आप रज़ियल्लाहु अन्हो के नाम के बारे में इख़्तेलाफ़ पाया जाता है कुछ के नज़दीक आपका नाम कन्नाज़ बिन हुसैन जबकि कुछ के नज़दीक हुसैन बिन कन्नाज़ था और यह भी कहा गया है कि उनका नाम एमन था मगर ज़्यादा मशहूर कन्नाज़ बिन हुसैन थे। (الاصابة فی تمییز الصحابة لابن حجر عسقلانی،باب الکنی،ابو مَرْثَد الغنوی،جزء 7،صفحه 305،دار الکتب العلمیة بیروت)

हज़रत अबू मरसद रज़ियल्लाहु अन्हु हज़रत हमज़ा रज़ियल्लाहु अन्हु के साथ और उनके साथी थे। आप रज़ियल्लाहु अन्हो लंबे क़द के मालिक थे और आप रज़ियल्लाहु अन्हो के सिर के बाल घने थे।

(अल् तबकातुल कुबरा, भाग 3 पृष्ठ 34 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत)

हज़रत अबू मरसद और उनके बेटे हज़रत मरसद रज़ियल्लाहु अन्हु दोनों को ग़ज़ व-ए-बदर में शिरकत की तौफ़ीक़ मिली। आप रज़ियल्लाहु अन्हो के बेटे हज़रत मरसद रज़ियल्लाहु अन्हु वाकेआ रजी में शहीद हुए।

(ओसोदुल गाबा फ़ी मारेफ़तिल सहाब इब्ने असीर, भाग 6 पृष्ठ 276-277 ابو مَرْثَد الغنوی،دار الکتب العلمیة بیروت) पहले वर्णन हो चुका है।

हज़रत अबू मरसद रज़ियल्लाहु अन्हु के एक पोते हज़रत उनैस बिन मरसद रज़ियल्लाहु अन्हु नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सहाबी थे। वह फ़तह मक्का और ग़ज़वा हुनेन में नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के हमराह थे।

(ओसोदुल गाबा फ़ी मारेफ़तिल सहाब ले इब्ने असीर, भाग 1 पृष्ठ 306 उनैस बिन मरसद, दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत)

वर्णन हुआ है कि रबीउल अव्वल दो हिज्री को आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने तीस शुत्र सवार मुहाजेरीन का एक दस्ता अपने चचा हज़रत हमज़ा बिन अब्दुल मुत्लिब रज़ियल्लाहु अन्हु की क़ियादत में मदीना से मशरिक़ की जानिब सैफ़ुल बहर इलाक़ा ईस की तरफ़ रवाना फ़रमाया। हज़रत हमज़ा रज़ियल्लाहु अन्हु और उनके साथी जल्दी जल्दी वहां पहुंचे तो क्या देखते हैं कि मक्का का रईस-ए-आज़म अबू जहल तीन सौ सवारों का एक लश्कर लिए उनके इस्तक़बाल को मौजूद है। दोनों फ़ौजें एक दूसरे के मुक़ाबले में सफ़-आरा करने लग गईं और लड़ाई शुरू होने वाली ही थी कि इस इलाक़े के रईस मजदी बिन अम्र अल् जोहनी ने जो दोनों फ़रीक़ों के साथ ताल्लुक़ रखता था दरमयान में पड़ कर बीच बचाओ करवाया और लड़ाई होते होते रुक गई। यह मुहिम सरिया हमज़ा बिन अब्दुल मुतलिब के नाम से मशहूर है। (उद्धृत सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम, लेखक हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु एम.ए, पृष्ठ 329)

हज़रत अबू मरसद सफ़हह भी इस सरिया में शामिल थे। रिवायत में वर्णन मिलता है कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने सबसे पहला झंडा हज़रत हम्ज़ा रज़ियल्लाहु अन्हु को बाँधा था और इस सरिया में हज़रत हम्ज़ा रज़ियल्लाहु अन्हु का यह झंडा हज़रत अबू मरसद रज़ियल्लाहु अन्हो उठाए हुए थे।

(अल् तबकातुल कूबरा ले-इब्ने साद, भाग 2 पृष्ठ 3-4 मुद्रित दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत)

फिर वर्णन है हज़रत सुलेत बिन क़ैस बिन अम्र रज़ियल्लाहु अन्हो का। हज़रत सुलेत रज़ियल्लाहु अन्हो का ताल्लुक़ अंसार के क़बीला ख़ज़रज की शाख़ बनू अदी बिन नज्जार से था।

(ओसोदुल गाबा फ़ी मारेफ़तिल साहबा, भाग 2 पृष्ठ 538 सलीत बिन क़ैस, दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत लुबनान)

हज़रत सलीत माता का नाम हज़रत ज़ुग़ीबा बिंत ज़ुरार रज़ियल्लाहु अन्हा था जो हज़रत उसद बिन ज़ुरार की बहन थीं।

(अल् तबकातुल कुबरा ले-इब्ने साद, भाग 3 पृष्ठ 388 सली बिन क़ैस, दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत लुबनान, 1990 ई.)

एक रिवायत में वर्णन है कि हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हो के भाई वलीद बिन वलीद को ग़ज़व-ए-बदर के अवसर पर हज़रत सलीत बिन कैस ने क़ैद किया था।

(अमता उलअस्मा, भाग 6 पृष्ठ 248 औलाद اولاد عم ام سلمة, दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत लुबनान, 1999 ई.)

फ़तह मक्का के अवसर पर अंसार के क़बीला बनू माज़िन का झंडा हज़रत सलीत बिन केस रज़ियल्लाहु अन्हो के पास था।

(امتاع الاسماع،جلد 7،صفحه 169-168،واما اللواءات والرأیات، دار الکتب العلمیة بیروت لبنان،1999ء)

इसी तरह ग़ज़व-ए-हुनैन के अवसर पर भी बनू माज़िन का झंडा हज़रत सुलेत के पास था

(किताब मग़ाज़ी, भाग 3 पृष्ठ 896 ग़ज़वा हुनैन, मकतबा आलेमूल कुतुब)

तेराह हिज्री में जबकि कुछ के मुताबिक़ चौदह हिज्री के आग़ाज़ में हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के दौर-ए-ख़िलाफ़त में जसर की जंग का वाक़िया पेश आया। यह जंग मुस्लमानों और फ़ारसियों के दरमयान मौजूदा इराक़ के इलाक़े में लड़ी गई। इस जंग में मुस्लमानों के सिपहसालार हज़रत अबू उबैद बिन मसऊद तक़फी थे इसलिए इस जंग को जसर की जंग अबी उबैद भी कहते हैं। इस जंग के मज़ीद नाम हैं जंग-ए- मरवा जो दरिया-ए-फ़ुरात के मग़रिबी किनारे पर वाक़्य एक जगह का नाम है। जंग क़ुस्सुन्नातिफ़। यह भी दरिया-ए-फ़ुरात के मशरिक़ी किनारे पर कूफ़ा के क़रीब एक जगह का नाम है। इस जंग में दो हज़ार ईरानी तलवार के नीचे हुए जबकि कुछ रवायात के मुताबिक़ छः हज़ार ईरानी मारे गए। मुस्लमानों की तरफ़ से कुछ रवायात के मुताबिक़ इस जंग में अठारह सौ मुस्लमान शहीद हुए जबकि कुछ के मुताबिक़ चार हज़ार मुस्लमान शहीद हुए जिनमें सत्तर अंसार और बाईस मुहाजेरीन भी शामिल थे। इन शुहदा में हज़रत सलीस बिन कैस रज़ियल्लाहु अन्हो भी शामिल हुए थे। कुछ के नज़दीक उस मार्का में सबसे आख़िर में शहीद होने वाले हज़रत सलीस बिन कैस रज़ियल्लाहु अन्हो थे।

(ماخوذ از الاکتفاء بما تضمنه من مغازی رسول الله والثلاثة الخلفاء،جلد 2،جزء 2،صفحه 129-124،عالم الکتب بیروت)(ماخوذ از البدایة والنهایة لابن کثیر،جلد 4،صفحه 46،مکتبة المعارف بیروت)(ماخوذ از اٹلس فتوحات اسلامیه از احمد عادل کمال،حصه دوم،صفحه 90، معرکه جسر،مکتبه دار السلام)(البدایة والنهایة،جلد 9،صفحه 594، مطبوعه دار هجر بیروت)(معجم البلدان،جلد 4،صفحه 349،دار الصادر بیروت لبنان)(سیر اعلام النبلاء سیر الخلفاء الراشدون،صفحه 100، مطبوعه مؤسسة الرسالة بیروت 1996ء)

कुछ इतिहासकार के मुताबिक़ आप रज़ियल्लाहु अन्हो की नसल आगे नहीं चली जबकि कुछ के मुताबिक़ आप रज़ियल्लाहु अन्हो के बेटे का नाम अब्दुल्लाह बिन सलीस था जिसने आपसे एक रिवायत वर्णन की है। एक दूसरी रिवायत के मुताबिक़ हज़रत सलीस की एक बेटी थी जिसका नाम सुबीआ था जो हज़रत सुख़ेला बिंत सिम्मा रज़ियल्लाहु के बतन से थी। ओसोदुल गाबा के संकलनकर्ता लिखते हैं कि आप रज़ियल्लाहु अन्हो की औलाद की नसल आगे चली।

अब्दुल्लाह बिन सलीस बिन क़ैस अपने पिता हज़रत सलीस बिन क़ैस रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत करते हैं कि अंसार में से एक शख़्स का बाग़ था जिसमें किसी दूसरे अंसारी शख़्स के खजूर के दरख़्त थे और वह शख़्स उस बाग़ में सुबह-ओ-शाम आया करता था। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उस को हुक्म दिया कि इस के दरख़्तों में से जो बाग़ की दीवार के साथ लगे हुए हैं उनकी खजूरें उस अंसारी को दिया करें जिसका बाग़ था।

(اُسد الغابة فی معرفة الصحابة،جلد 2،صفحه 538،سَلِیْط بن قیس، دار الکتب العلمیة بیروت لبنان)(الطبقات الکبریٰ لابن سعد،جلد 3، صفحه 388،سَلِیْط بن قیس،دار الکتب العلمیة بیروت لبنان،1990ء)

फिर वर्णन है हज़रत मुजज़्ज़र बिन ज़याद रज़ियल्लाहु अन्हो का। मूसा बिन उक्बा ने वर्णन किया है कि लोगों का ख़्याल है कि अबू यसर ने अबू बख़तरी को क़तल किया और बहुत से लोगों ने कहा है कि मुज़्ज़र ने उसे क़तल किया था। हज़रत मुज़्ज़र रज़ियल्लाहु अन्हो ने जाहिलियत में सोवेद बिन सामित को क़तल कर दिया था और इस क़तल ने जंग बुआस का शोला भड़काया था। बाद में हज़रत मुज़्ज़र रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत हारिस बिन सुवैद बिन सामित रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस्लाम क़बूल कर लिया लेकिन हारिस बिन सुवैद अवसर की तलाश में रहे कि अपने वालिद के बदला में उन्हें क़तल करें। ग़ज़व-ए-अहद

में जब क़ुरैश ने मुड़ कर मुस्लमानों पर हमला किया तो हारिस बिन सुवैद ने पीछे से उनकी गर्दन पर वार कर के उन्हें शहीद कर दिया। ग़ज़व-ए-हमरा अल्असद से वापसी पर हज़रत जिबराईल आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आए और आपको बताया कि हारिस बिन सुवैद ने मुजज़्ज़र बिन ज़ियाद को धोखे से क़तल कर दिया है और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को हुक्म दिया कि आप हारिस बिन सुवैद को मुज़्ज़र बिन ज़ियाद के बदले में क़तल करें। रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ऐसे दिन तशरीफ़ ले गए जब क़बा में सख़्त गर्मी थी। हज़रत उवैम बिन सादा रज़ियल्लाहु अन्हो ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के इरशाद पर मस्जिद क़बा के दरवाज़े पर हारिस बिन सोवेद को क़तल किया था। तबक़ात अलकुबरा की ये रिवायत है ग़ालिबन।

(الطبقات الکبریٰ لابن سعد، الجزء الثالث، صفحہ 283، المُجَذَّر بن زیاد، دار احیاء التراث بیروت 1996ء)(الاصابہ فی تمییز الصحابہ، الجزء الخامس، صفحہ 572-573، المُجَذَّر بن زیاد، دار الکتب العلمیۃ بیروت 2005ء)(امتاع الاسماع، جلد 10، صفحہ 10، فصل فی ذکر من کان یقیم الحدود بین یدی رسول اللہ، دار الکتب العلمیۃ بیروت 1999ء)

फिर हज़रत रफ़ाफ़ा रज़ियल्लाहु अन्हो अह बिन राफे बिन मालिक बिन अजलान रज़ियल्लाहु अन्हो का वर्णन है। लिखा है कि हज़रत रफ़ाफ़ा बिन राफे रज़ियल्लाहु अन्हो के क़बूल-ए-इस्लाम का वाक़िया इस तरह वर्णन हुआ है कि मुआज़ बिन रफ़ाफ़ा रज़ियल्लाहु अन्हो अपने पिता से रिवायत करते हैं कि वह हज़रत रफ़ाफ़ा बिन राफे और उनके ख़ालाज़ाद भाई हज़रत मआज़ बिन अफ़रा रज़ियल्लाहु अन्हो निकले और मक्का मुकर्रमा पहुंचे जब दोनों सनीया पहाड़ी से नीचे उतरे तो उन्होंने एक शख़्स को दरख़्त के नीचे बैठे देखा। रावी के मुताबिक़ यह वाक़िया छः अंसारियों के निकलने से पहले का है अर्थात बैअत-ए-उक़बा औला से पहले का वाक़िया है। कहते हैं कि जब हमने, उस शख़्स को देखा तो वह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम थे। तो हमने कहा कि उस शख़्स के पास चलते हैं और अपना सामान उसके पास रखवा देते हैं यहां तक कि बैतुल्लाह का तवाफ़ कर आएं। कहते हैं कि हमने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को जाहिलियत के रिवाज के मुताबिक़ सलाम किया मगर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने इस्लामी तरीक़ के मुताबिक़ सलाम का जवाब दिया और हम कहते हैं कि हम नबी के बारे में सन तो चुके थे कि मक्का में किसी ने दावा किया है मगर हमने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को न पहचाना। हमने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से पूछा कि आप कौन हैं? आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने कहा कि नीचे उतर आओ। अतः हम नीचे उतर आए और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से पूछा कि वह शख़्स कहाँ है जो नबुव्वत का दावेदार है और वह कहता है जो भी वह कहता है अर्थात जो भी इस का दावा है वह अपने दावा के मुताल्लिक़ कहता है। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया वह में ही हूँ। फिर कहते हैं मैंने कहा कि मुझे इस्लाम के बारे में बताएं तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमें इस्लाम के बारे में बताया और पूछा कि आसमानों और ज़मीन और पहाड़ों को किस ने पैदा किया है? हमने कहा उन्हें अल्लाह तआला ने पैदा किया है। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने पूछा कि तुम्हें किस ने पैदा किया है? हमने कहा कि अल्लाह तआला ने। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने पूछा यह बुत किस ने पैदा किए हैं जिनकी तुम इबादत करते हो? हमने कहा ये हमने ख़ुद बनाए हैं। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने पूछा फिर पैदा करने वाला इबादत का ज़्यादा हक़दार है या वे जिनको पैदा किया गया है। फिर तो तुम ज़्यादा हक़दार हो कि तुम्हारी इबादत की जाए क्योंकि तुम बुतों के पैदा करने वाले हो और फिर आपने फ़रमाया कि मैं अल्लाह की इबादत और इस की गवाही की तरफ़ बुलाता हूँ कि अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं और यह कि मैं अल्लाह का रसूल हूँ और आपस में सिला रहमी करने और दुश्मनी को छोड़ देने की तरफ़ बुलाता हूँ जो लोगों के ज़ुलम की वजह से हो। हमने कहा कि नहीं अल्लाह की क़सम! जिस चीज़ की तरफ़ आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम बुलाते हैं अगर झूठी हुई तो भी यह उम्दा बातें हैं और अहसन अख़लाक़ हैं। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम हमारी सवारी को सम्भालें यहां तक कि हम तवाफ़ कर आएं। मुआज़ बिन अफ़रान आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास ही रहे।

रफ़ाफ़ा बिन रफेअ कहते हैं अतः मैं बैतुल्लाह का तवाफ़ करने गया। मैंने सात तीर निकाले और एक तीर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के लिए मुक़र्रर कर लिया जो उनका तरीक़ा था। दिल की तसल्ली के लिए ये तीरों से शुगून लिया करते थे। कहते हैं फिर बैतुल्लाह की तरफ़ मुतवज्जा हुए और दुआ मांगी। हे अल्लाह मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) जिस चीज़ की तरफ़ बुलाते हैं अगर वह हक़ है तो सातों बार इंही का तीर निकाल। मैंने सात बार क़ुरआ डाला और सातों बार आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का ही तीर निकला।

मैं ज़ोर से बोला। اَشْهَدُ اَنْ لَّا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَاَنَّ مُحَمَّدًا رَّسُوْلُ اللّٰهِ۔ अतः लोग मेरे पास जमा हो गए और कहने लगे ये शख़्स मजनून है, साबी हो गया है। मैंने कहा बल्कि मोमिन आदमी है। यानी जिसकी तुम बातें कर रहे हो वह तो मजनून है, साबी है लेकिन मैंने कहा नहीं बल्कि मुझे तो लगता है मोमिन आदमी है। फिर मैं मक्का के बालाई इलाक़े में आ गया। अतः जब मुआज़ ने मुझे देखा तो कहा रफ़ाफ़ा रज़ियल्लाहु अन्हो ऐसे नूरानी चेहरे के साथ आ रहा है जैसा कि जाते वक़्त न था।

अर्थात कलमा पढ़ने से पहले वे नूरानी चेहरा नहीं था जैसा कि अब है। अतः मैं आया और इस्लाम क़बूल किया। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमें सूरा-ए-यूसुफ़ और اِقْرَأْ بِاسْمِ رَبِّكَ الَّذِیْ خَلَقَ पढ़ाई। फिर हम वापिस गए।

(المستدرک علی الصحیحین، جلد 4، صفحہ 165-166، کتاب البرّ والصّلہ، حدیث 7241، مطبوعہ دار الکتب العلمیۃ بیروت 2002ء)

हज़रत रफ़ाफह बिन राफे रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन करते हैं कि बदर के दिन मेरी आँख में तीर लगा जिसकी वजह से मेरी आँख फूट गई तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मेरी आँख पर अपना लुआब लगाया और मेरे लिए दुआ की तो मुझे इस से कोई तकलीफ़ न हुई।

(سبل الھدیٰ والرشاد، جلد 4، صفحہ 53، باب ذکر برکۃ اثر ریقہ ویدہ صلی اللہ علیہ وسلم، دار الکتب العلمیۃ بیروت 1993ء)

एक दूसरी रिवायत के मुताबिक़ जंग-ए-बदर के दिन तीर हज़रत रफ़ाफ़ा बिन राफे रज़ियल्लाहु अन्हो को नहीं बल्कि उनके वालिद राफे बिन मालिक की आँख में लगा था।

(المستدرک علی الصحیحین، کتاب البرّ والصّلہ، صفحہ 1876، حدیث نمبر 5024، مکتبہ نزار مصطفی البار 2000ء) बहरहाल अल्लाह बेहतर जानता है लेकिन नतीजा बहरहाल वही है कि तकलीफ़ दूर हुई।

हज़रत रफ़ाफ़ा बिन राफे रज़ियल्लाहु अन्हो कहते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम एक दिन मस्जिद में बैठे हुए थे हम भी आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के साथ थे। इसी दौरान एक शख़्स आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पास आया जो बदवी लग रहा था। उसने आकर नमाज़ पढ़ी और बहुत हल्की पढ़ी। फिर मुड़ा और नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को सलाम किया तो नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तुम पर भी सलाम हो।

वापस जाओ फिर से नमाज़ पढ़ो क्योंकि तुमने नमाज़ नहीं पढ़ी। वह फिर गया और नमाज़ पढ़ी। फिर वह आया और आकर उसने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को सलाम किया। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फिर फ़रमाया तुम पर भी सलामती हो और फ़रमाया कि वापस जाओ फिर से नमाज़ पढ़ो क्योंकि तुमने नमाज़ नहीं पढ़ी। इस तरह उसने दो बार या तीन बार किया। हर बार वह नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आकर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को सलाम करता और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम फ़रमाते तुम पर भी सलाम हो। वापस जाओ फिर से नमाज़ पढ़ो क्योंकि तुमने नमाज़ नहीं पढ़ी। तो लोग डरे और उन पर यह बात गिरां गुज़री कि जिसने हल्की नमाज़ पढ़ी है उसने नमाज़ ही नहीं पढ़ी। वहां जो लोग, सहाबा इर्द-गिर्द बैठे हुए थे उनको बड़ा ख़ौफ़ महसूस हुआ कि इस का मतलब है कि हल्की नमाज़ें तो फिर नमाज़ ही नहीं है।

हमें भी इस लिहाज़ से अपना जायज़ा लेना चाहिए।

आख़िर उस आदमी ने अर्ज़ किया कि हमें पढ़ कर दिखा दें और मुझे सिखा दें। मैं इन्सान ही तो हूँ मैं सही भी करता हूँ और मुझ से ग़लती भी हो जाती है तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया ठीक है जब तुम नमाज़ के लिए खड़े होने का इरादा करो तो पहले वुज़ू करो जैसे अल्लाह ने तुम्हें वुज़ू करने का हुक्म दिया है। फिर अगर तुम्हें कुछ क़ुरआन याद हो तो उसे पढ़ो अन्यथा اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ، اَللّٰهُ اَكْبَر اور لَا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰه फिर रुकु में जाओ और ख़ूब इतमेनान

से रुकु करो। इस के बाद बिल्कुल सीधे खड़े हो जाओ। फिर सजदा करो और ख़ूब एतेदाल से सजदा करो। फिर बैठो और ख़ूब इतमेनान से बैठो फिर उठो। जब तुमने ऐसा कर लिया तो तुम्हारी नमाज़ पूरी हो गई और अगर तुमने इस में कुछ कमी की तो तुमने उतनी ही अपनी नमाज़ में से कमी की।

(سنن الترمذی، کتاب الصلوٰۃ،باب ما جاء فی وصف الصلوٰۃ، حدیث: 302)

हज़रत रफ़ाफ़ा बिन राफे रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि वह नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास बैठे हुए थे तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि किसी की नमाज़ मुकम्मल नहीं होती यहां तक कि वह पूरी तरह वुज़ू करे जैसे अल्लाह तआला ने उस को हुक्म दिया है। अपने चेहरे और दोनों हाथों को कोहनियों तक धोए और अपने सिर का मस्ह करे और अपने दोनों पांव टख़नों तक धोए। **(سنن ابن ماجه، کتاب الطهارۃ،باب ما جاء فی الوضوء، حدیث: 460)**

एक और रिवायत में हज़रत रफ़ाफ़ा बिन राफे रज़ियल्लाहु अन्हो से इस वाक़िया की रिवायत है कि उन्होंने कहा कि जब तुम खड़े हो और तुमने क़िबला की तरफ़ रुख किया तो अल्लाहु-अकबर कहो और सूरः फ़ातेहा पढ़ो और इस के साथ जितना क़ुरआन अल्लाह चाहे, जितना तुम्हें याद है या जो पढ़ना चाहते हो तुम पढ़ो जब तुम रूकू करो तो अपनी दोनों हथेलियाँ अपने दोनों घुटनों पर रखो और अपनी कमर सीधी रखो और उन्होंने कहा जब तुम सजदा करो तो इतमेनान से सजदा करो और जब तुम सिर उठाओ तो अपने बाएं रान पर बैठो।

(سنن ابی داؤد، کتاب الصلوٰۃ،باب صلوٰۃ من لا یقیم صلبه فی الرکوع و السجود، حدیث نمبر 859)

फिर वर्णन है हज़रत अबू उसैद मालिक बिन रबीह का। उस्मान बिन अबै-दुल्लाह से मर्वी है कि मैंने अबू उसेद को देखा वे अपनी दाढ़ी ज़र्द रंगते थे।

(अल् तबकातुल कुबरा, भाग 3 पृष्ठ 421 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत 2017 ई.)

इब्ने इसहाक़ कहते हैं कि अबू उसैद मालिक बिन रबीया ग़ज़वा बदर में शरीक थे जब उनकी अख़ीर उम्र में बीनाई चली गई तो उन्होंने कहा कि अगर आज मैं बदर के मुक़ाम पर होता और मेरी बीनाई भी ठीक होती तो मैं तुमको वह घाटी दिखाता जहां से फ़रिश्ते निकले थे। मुझे इस में ज़रा भी शक और वहम नहीं होगा।

(السیرۃ النبویۃ لابن هشام، صفحه 431، دار الکتب العلمیۃ بیروت، 2001ء)

अबू उसैद मालिक बिन रबीया सादी से रिवायत है। वह कहते हैं कि हम रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास बैठे हुए थे कि इसी दौरान बनू सलमा का एक शख़्स आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पास आया और उसने कहा हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम! मेरे माँ बाप के मर जाने के बाद भी उनके साथ हुस्न-ए-सुलूक की कोई सूरत है? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हाँ। इन के लिए दुआ करना और उन के लिए इस्तग़फ़ार करना। उनके बाद उनके वादों को पूरा करना और जो इन दोनों के रिश्तेदार हैं उनसे सिला रहमी करना, उन्हें जोड़े रखना, उनके दोस्तों की इज़्ज़त करना।

(سنن ابو داؤد، کتاب الادب،باب فی بر الوالدین، حدیث 5142) इस तरह उनको भी सवाब पहुंचता रहेगा। उनकी रूह को भी सवाब पहुंचता रहेगा। उनकी मग़फ़िरत के सामान होते रहेंगे।

मालिक बन रबिया से मर्वी है कि मैं ने नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वस-ल्लम को कहते सुना हे अल्लाह! सिर मुंडवाने वालों की मग़फ़िरत फ़र्मा। तो एक शख़्स ने कहा और बाल कतरवाने वालों की? तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने तीसरी या चौथी मर्तबा फ़रमाया और बाल कतरवाने वालों की भी। मैं भी उस रोज़ सिर मुंडाए हुए था मुझे इस से जो ख़ुशी हुई वह मुझे सुर्ख़ ऊंट या बहुत ज़्यादा माल मिलने पर भी न होती।

(अल् तबकातुल कूबरा, भाग 2 पृष्ठ 79-80 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत)

उस्मान बिन अर्कम अपने वालिद से रिवायत करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्ल-ल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बदर के दिन फ़रमाया तुम्हारे पास जो माल-ए-ग़नी-मत है उसे छोड़ दो तो हज़रत अबू उसैद सादी रज़ियल्लाहु अन्हो ने आयज़ुल मर्ज़बाँ की तलवार रख दी तो हज़रत अकरम रज़ियल्लाहु अन्हो ने उसे उठा लिया। और कहा हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ये मुझे दे दें। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने वह तलवार उनको अता कर दी।

(معرفۃ الصحابۃ لابی نعیم، جلد 1، صفحه 295، حدیث 1022، دار الکتب العلمیۃ بیروت 2002ء)

फिर हज़रत अब्दुल्लाह बिन अब्दुल असद रज़ियल्लाहु अन्हो का वर्णन है। एक रिवायत में है कि मुहम्मद बिन उम्मार कहते हैं कि मक्का से हिज्रत कर के मदीना आने वालों में सबसे पहले हमारे पास हज़रत अबू सलमा बिन अब्दुल असद रज़ियल्लाहु अन्हो तशरीफ़ लाए। वह दस मुहर्रम को मदीना आए जबकि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बारह रबीउल अव्वल को मदीना में तशरीफ़ लाए। वह मुहाजेरीन जो सबसे पहले आए और बनू अम्र बिन औफ़ में ठहरे और जो मुहाजेरीन आख़िर पर आए उनके दरमयान दो महीनों का अंतर है।

हज़रत उम्मे सल्मा रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन करते हैं कि हज़रत अबू सल्मा रज़ियल्लाहु अन्हो ने जब मदीना हिज्रत की तो क़बा में हज़रत मुबश्शिर बिन अब्दुल मुनज़र रज़ियल्लाहु अन्हो के हाँ ठहरे। हिज्रत की तो वह क़बा में हज़रत मुबश्शिर बिन अब्दुल मुनज़र रज़ियल्लाहु अन्हो के हाँ ठहरे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अबू सलमा बिन अब्दुल असद रज़िय-ल्लाहु अन्हो और हज़रत सअद बिन ख़ैसमा के दरमयान भाईचारा क़ायम फ़रमाई।

(अल् तबकातुल कुबरा ले-इब्ने साद, भाग 3 पृष्ठ 181 **ومن بنی مخزوم: ابو سَلَمه بن عبد الاَسَد دار الکتب العلمیۃ بیروت**)

जब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को क़बीला बनू तै के एक शख़्स ने जो कि अपनी भतीजी से मिलने के लिए मदीना आया था यह ख़बर दी कि ख़ूवेलद के बेटे तलहा और सलमा अपनी क़ौम और अपने हलीफ़ों में घूम रहे हैं और अपनी क़ौम और उन लोगों को रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ख़िलाफ़ भड़का कर जंग पर आमादा कर रहे हैं तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अबू सलमा यानी हज़रत अब्दुल्लाह बिन अबुल असद को बुला कर बनू असद की सरकूबी के लिए डेढ़ सौ मुहाजिरीन और अंसार की सरकर्दगी में भेजा और उनको लीवा यानी एक पर्चम तैयार करके दिया और जिस शख़्स ने बनू असद के मुताल्लिक़ यह सूचना दी थी उस को बतौर रहबर साथ भेजा। हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अबू सल्मा रज़िय-ल्लाहु अन्हो को हुक्म देते हुए फ़रमाया कि तुम आगे बढ़ते रहो यहां तक कि बनू असद के इलाक़े में जा कर पड़ाव डालो और इस से पहले कि वे अपने लश्कर के साथ तुम्हारा सामना करें तुम उन पर हमला कर दो। इसलिए इस हुक्म पर हज़रत अबू सल्मा रज़ियल्लाहु अन्हो निहायत तेज़ी के साथ रात-दिन सफ़र करते हुए आम रास्तों से हट कर चले ताकि बनू असद को उनकी पेशक़दमी की ख़बर होने से पहले वह उनके सिर पर अचानक पहुंच जाएं। आख़िर चलते चलते वे बनू असद के एक चश्मे पर पहुंच गए और उन्होंने मवेशियों के बाड़े पर हमला कर दिया और उनके तीन चरवाहों को पकड़ लिया। बाक़ी तमाम लोग जान बचा कर भागने में कामयाब हो गए। हज़रत अबू सल्मा रज़ियल्लाहु अन्हो ने अपने दस्ते को तीन हिस्सों में तक़सीम किया और एक हिस्सा अपने पास रखकर बाक़ी दो को इधर उधर रवाना कर दिया। ये लोग कुछ और ऊंट और बकरियां पकड़ लाए मगर किसी आदमी को न पकड़ सके। इसके बाद हज़रत अबू सल्मा रज़ियल्लाहु अन्हो वापस मदीना लौट आए। ये सीरत हलबिया का हवाला है।

(السیرۃ الحلبیه، جزء ثالث، صفحه 231، باب سرایاه و بعوثه، دار الکتب العلمیۃ بیروت 2002ء)

अम्र बिन अबू सलमा कहते हैं कि हज़रत अबू सल्मा रज़ियल्लाहु अन्हो ग़ज़वा बदर और अहद में शरीक हुए और अबू उसाम जशमी ने ग़ज़वा अहद में उन्हें ज़ख़्मी किया। उसने हज़रत अबू सल्मा रज़ियल्लाहु अन्हो के बाज़ू पर बरछी से वार किया। हज़रत अबू सल्मा रज़ियल्लाहु अन्हो एक माह तक इस ज़ख़्म का ईलाज करते रहे जो बज़ाहिर अच्छा भी हो गया। ज़ख़्म-ए-मुंदमिल हो गया जिसकी ख़राबी को कोई न पहचानता था। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हिज्रत के पैंतिसवें महीने मुहर्रम में उन्हें एक सरिया कुतुन बनू असद की तरफ़ भेजा। कुतुन के विषय में कहते हैं यह अनीरा (नजद) और ख़ैबर के वस्त में एक पहाड़ी है जिसके शुमाल में बनू असद बिन ख़ुज़ैमा आबाद थे। बहरहाल वे दस से ज़ायद रातें मदीना से बाहर रहने के बाद वापस लौटे तो उनका ज़ख़्म ख़राब हो गया और वे बीमार हो गए और तीन जमादियुल आखिर

चार हिज्री को वफ़ात गए।

(अल् तबकातुल कुबरा ले-इब्ने साद, भाग 3 पृष्ठ 182 ابو سَلَمه بن عبد الاَسَد ओसोदुल गाबा दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत)(फ़र्हंग सीरत, पृष्ठ 237 ज़व्वार अकैडमी कराची 2003 ई.)

अबू कलाबा से मर्वी है कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत अबू सलमा बिन अब्दुल असद रज़ियल्लाहु अन्हो के पास अयादत के लिए तशरीफ़ लाए। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तशरीफ़ आवरी के साथ ही उनकी रूह परवाज़ गई।

रावी कहते हैं कि इस पर वहां औरतों ने कुछ कहा तो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया रुक जाओ। अपनी जानों के लिए ख़ैर के सिवा और कोई दुआ न किया करो क्योंकि फ़रिश्ते मय्यत के पास या फ़रमाया मय्यत के अहल के पास हाज़िर होते हैं। वे उनकी दुआ पर आमीन कहते हैं। लिहाज़ा अपने लिए सिवाए ख़ैर के और कोई दुआ न करो। यह रोना पीटना जो है नाँ जिसको हमारे हाँ सयापे करना भी कहते हैं वह नहीं होना चाहिए। फ़रमाया: हे अल्लाह इन के लिए उनकी क़ब्र को कुशादा कर दे और उन के लिए इस में रोशनी कर दे। उनके नूर को बढ़ा दे और उनके गुनाह को माफ़ कर दे। हे अल्लाह उनका दर्जा हिदायत याफताह लोगों में बुलंद कर। और उनके पीछे रहने वालों में तू उनका क़ायमक़ाम हो जा। हमें और उनको बख़शा दे। हे रब्बुल आलमीन फिर फ़रमाया जब रूह निकलती है तो नज़र इसके पीछे होती है। क्या तुम उसकी आँखें खुली नहीं देखते।

(الطبقات الکبریٰ لابن سعد، جز 3، صفحه 183، ومن بنی مخزوم :ابو سَلَمه بن عبد الاَسَد دار الکتب العلمیة بیروت)

फिर वर्णन है हज़रत खल्लाद बिन राफे ज़ुरक़ी रज़ियल्लाहु अन्हो का। यह अंसारी थे। हज़रत खल्लाद बिन राफे रज़ियल्लाहु अन्हो का ताल्लुक़ अंसार के क़बीला बनू ख़ज़रज की शाख़ अजलान से था।

(सीरत इब्ने हशाम, पृष्ठ 472 दारुल कुतुब इल्मिया बेरूत मुद्रित 2001 ई.)

उनकी वालिदा का नाम मालिक बिंत उबैय बिन मालिक था। हज़रत खल्लाद रज़ियल्लाहु अन्हो के बेटे का नाम यहया था जो उम्मे राफे बिंत उस्मान बिन खलदा के गर्भ से थे। यही लिखा है कि उनके समस्त बच्चे शुरू में ही वफ़ात पा गए थे।

(الطبقات الکبری، الجزء الثالث، صفحه 447، خَلَّادُ بن رَافِع دار الکتب العلمیة 1990ء)

जैसा कि नमाज़ पढ़ने के बारे में एक रिवायत वर्णन हो चुकी है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने दो तीन दफ़ा एक शख़्स को फ़रमाया कि दुबारा पढ़ो। सही बुख़ारी में हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो से ये रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मस्जिद में तशरीफ़ लाए। इतने में एक शख़्स आया और उसने नमाज़ पढ़ी। फिर उसने नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को सलाम किया। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने सलाम का जवाब दिया फ़रमाया : वापस जाओ और नमाज़ पढ़ो और इसी तरह उस को दुबारा लौटा दिया। फिर उस को लौटाया और यही कहा कि वापस जाओ और नमाज़ पढ़ो जैसा कि पहले वर्णन हो चुका है। फिर उसने कहा कि उस ज़ात क़सम! जिसने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को हक़ के साथ मबऊस फ़रमाया है में इस से अच्छी नमाज़ नहीं पढ़ सकता इसलिए आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम मझे सिखाएँ। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया जब नमाज़ के लिए खड़े हो तो अल्लाहु-अकबर कहो। फिर क़ुरआन में से जो याद हो पढ़ो यानी सूरा फ़ातेहा के बाद जो मयस्सर है। फिर रुकू करो यहां तक कि रुकू में तुम्हें इतमीनान हो जाए। फिर सिर उठाओ यहां तक कि इतमेनान से खड़े हो जाओ। फिर सजदा करो यहां तक कि तुम्हें सज्दे में इतमीनान हो जाए। फिर सिर उठाओ यहां तक कि इतमेनान से बैठ जाओ। अल-ग़र्ज़ अपनी सारी नमाज़ में इसी तरह करो। (सही बुख़ारी, किताब अज़ान हदीस 757)

अल्लामा इब्ने हिज्र असकलानी रज़ियल्लाहु अन्हो कहते हैं कि वह शख़्स जिसके साथ यह वाक़िया पेश आया वह हज़रत खल्लाद बिन राफे रज़ियल्लाहु अन्हो थे।

(مرقاة المفاتیح شرح مشکاة المصابیح، جز 2، صفحه 458، باب صفة الصلاة، حدیث نمبر 790 دار الکتب العلمیة بیروت 2001ء)

फिर हज़रत अब्बाद बिन बिशर रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन है। ग़ज़वा ख़ंदक़ के अवसर पर भी हज़रत अब्बाद बिन बशर रज़ियल्लाहु अन्हो को भरपूर ख़िदमत की तौफ़ीक़ मिली। इसलिए हज़रत उम्मे सल्मा रज़ियल्लाहु अन्हा वर्णन करती हैं कि मैं ख़ंदक़ में रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ थी और किसी जगह भी आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से अलग नहीं हुई। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम स्वयं भी ख़ंदक़ की निगरानी फ़रमाते थे। हम सख़्त सर्दी में थे मैं आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को देख रही थी कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम उठे और जिस क़दर अल्लाह ने चाहा आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने अपने ख़ेमे में नमाज़ पढ़ी। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम बाहर निकले और देखा। कुछ देर के लिए नज़र दौड़ाई फिर मैंने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को यह फ़रमाते हुए सुना यह तो मुशरिकों के घुड़सवार हैं जो ख़ंदक़ का चक्कर लगा रहे हैं। उन्हें कौन देखेगा? फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने आवाज़ दी। हे अब्बाद बिन बिशर! हज़रत अब्बाद रज़ियल्लाहु अन्हा ने अर्ज़ की मैं हाज़िर हूँ। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने पूछा क्या तुम्हारे साथ कोई और भी है? उन्होंने जवाब हाँ मैं अपने चंद साथियों के साथ हूँ। हम आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के ख़ेमे के इर्द-गिर्द हैं। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया अपने साथियों के साथ जाओ और ख़ंदक़ का चक्कर लगाओ। ये उन मुशरिकीन के घुड़सवारों में से कुछ घुड़सवार हैं जो तुम पर चक्कर लगा रहे हैं और वे ख़ाहिश रखते हैं कि तुम्हारी ग़फ़लत में अचानक तुम पर हमला कर दें। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने दुआ की कि हे अल्लाह हमसे उनके शर को दूर कर दे और उनके ख़िलाफ़ हमारी मदद फ़र्मा और उनको मग़लूब कर दे। तेरे इलावा कोई उन्हें मग़लूब नहीं कर सकता

फिर हज़रत अब्बाद बिन बिशर अपने साथियों के साथ निकले और देखा कि अबूसुफ़ियान मुशरेकीन के चंद घुड़सवारों के साथ था और वह ख़ंदक़ की तंग जगह का चक्कर लगा रहा था और मुस्लमान जो इस किनारे पर वहां बैठे थे, उनके बारे में आगाह हो चुके थे। उन्होंने, मुस्लमानों ने उन पर पत्थर और तीर बरसाए। फिर हम भी उनके साथ रुक गए और हमने भी उन पर तीर-अंदाज़ी की यहां तक कि हमने इन मुशरिकीन को तीर-अंदाज़ी करते हुए अपनी जगह से हटने पर मजबूर कर दिया और वे अपने ठिकानों की तरफ़ लौट गए और मैं रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तरफ़ आया और मैं ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को नमाज़ की हालत में पाया। फिर मैं ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को इस वाक़िया के बारे में आगाह किया। हज़रत उम्मे सलमा रज़ियल्लाहु अन्हा वर्णन करती हैं कि फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सो गए यहां तक कि मैंने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की सांस की आवाज़ सुनी और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम उस वक़्त तक न उठे यहां तक कि मैं ने हज़रत बिलाल रज़ियल्लाहु अन्हो को सुबह की अज़ान देते हुए सुना और फ़ज्र की सफ़ेदी नज़र आ गई। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बाहर तशरीफ़ लाए और मुस्लमानों को नमाज़ पढ़ाई। हज़रत उम्मे सलमा रज़ियल्लाहु अन्हा वर्णन करती थीं कि अल्लाह तआला अब्बाद बिन बिशर पर रहम फ़रमाए वह रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साहाबा रज़ियल्लाहु अन्हो में से सबसे बढ़कर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ख़ेमे के साथ चिमटे रहे और हमेशा उस की हिफ़ाज़त करते रहे।

(کتاب المغازی للواقدی، جزء 1، صفحه 396-397، غزوة الخندق، دار الکتب العلمیة بیروت مطبوعه 2013ء)

"हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा फ़रमाया करती थीं कि अंसार में से तीन अश्ख़ास अपनी अफ़ज़लीयत में जवाब नहीं रखते थे यानी "हज़रत उसैद बिन खूजैर" "हज़रत साद बिन माज" और "हज़रत अब्बाद बिन बिशर।"

